Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-05-2007

Participants : Mahto Shri Tek Lal

Title: Need for early commissioning of Damodar River Diversion Project in Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बोकारो स्थित सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की दामोदर नदी डाय वर्सन योजना क्षेत्र (डी.आर.डी.ए) एवं फुसरो, जरंगडीह रेल डायवर्सन योजना के अंतर्गत 631 विस्थापितों को रोजगार दिया गया है तथा 3.60 करोड़ रूपये का भुगतान अब तक हो चुका है। इस परियोजना के अंतर्गत नब्बे प्रतिशत (90%) विस्थापित लोगों को नौकरी मिली है किंतु खेद है कि इस परियोजना को अभी तक चालू नहीं किया गया है जबकि यहां के कोयले की गुणवत्ता उच्च कोटि की है जिसकी खपत निकटवर्ती बोकारो स्टील सिटी प्लांट तथा थर्मल प्लांटों में हो सकती है।

अतः जनहित में माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह है कि दामोदर नदी डायवर्सन परियोजना (डी.आर.डी.ए) को अविलम्ब चालू करने का निर्देश दिया जाये।